हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शनिवार 21 फरवरी 2026

**तापमान**
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 10.2 डिग्री

12 ग्रामीणों ने रखी धारूहेड़ा फ्लाईओवर के सर्विस रोड पर डंपरों का जाम की समस्या



12 बाबा मोहन दास धाम पर मेला व कुश्ती दंगल 4 मार्च को



*पहले चरण में साढ़े चार करोड़ की लागत से चल रहा कार्य*

# शहर को बरसात में जलभराव से मिलेगी निजात पाइप लाइन डालने का तेजी से चल रहा कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शहर में बारिश के दौरान जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए स्टॉर्म वाटर प्रोजेक्ट के पहले चरण के तहत अंडरग्राउंड पाइप लाइन डालने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इस परियोजना पर 26 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे है, जिसमें दो नए मेन पंपिंग स्टेशन बनाए जाएंगे तथा एक पुराने पंपिंग स्टेशन को अपग्रेड किया जाएगा। अनाजमंडी रोड पर चेंबर बनाने के साथ सड़क के किनारे-किनारे पाइपलाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। इस पाइपलाइन से केवल बरसात के पानी की ही निकासी होगी। प्रोजेक्ट के पूरा होने के बाद शहर के आधे से अधिक हिस्से में जलभराव की समस्या दूर होगी। खासतौर पर ब्रास मार्केट, बावल रोड, मॉडल टाउन, बस स्टैंड के आसपास, नाईवाली चौक, नई आबादी और उससे जुड़े इलाकों की बड़ी आबादी को राहत मिलेगी। इन क्षेत्रों में बारिश का पानी कई दिनों तक सड़कों पर भरा रहता है। स्टॉर्म वाटर प्रोजेक्ट के तहत दो नए पंपिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। पहला बावल रोड पर नाले के पास नगर परिषद की जमीन पर बनेगा। दूसरा पंपिंग स्टेशन नई आबादी के पीछे रेलवे लाइन के पास बनाया जाएगा। इसके लिए रेलवे से 10 वर्ष की अवधि के लिए जमीन लीज पर ली गई है। करीब 35 लाख रुपये की राशि ट्रांसफर की जा चुकी है। इसके अलावा नयागांव के पास पहले से बने मेन पंपिंग स्टेशन की पुरानी मशीनरी को अपग्रेड किया जाएगा।



रेवाड़ी। अनाजमंडी रोड पर चैंबर बनाते कारीगर। फोटो : हरिभूमि



रेवाड़ी। नेहरू पार्क के पास डाले गए पाइप। फोटो : हरिभूमि

## दो भागों में पूरा किया जा रहा प्रोजेक्ट कार्य



स्ट्रॉम वाटर परियोजना को दो चरणों में विभाजित किया गया है। प्रथम बावल रोड डिस्पोजल के हिस्से की अनुमानित लागत 4.64 करोड़ है। इससे मॉडल टाउन का लो लाइन जोन, ब्रॉस मार्केट क्षेत्र, बावल रोड, बस स्टैंड के आसपास का क्षेत्र कवर होगा। वहीं दूसरे भाग में नई आबादी का सबसे लो लाइन क्षेत्र, ऑटो मार्केट, नाईवाली क्षेत्र, पुरानी सब्जी मंडी व रेलवे रोड क्षेत्र को शामिल किया है। इसकी लागत करीब 8.65 करोड़ रुपये है। दिसंबर 2025 में स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम के निर्माण और अपग्रेडेशन से जुड़ा पहला टेंडर जारी किया गया था। परियोजना में नयागांव स्थित मुख्य स्टॉर्म वाटर पंपिंग स्टेशन के उन्नयन से लेकर बावल रोड क्षेत्र में इनलेट पंपिंग स्टेशन और नाले के निर्माण तक कई महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। स्टॉर्म वॉटर परियोजना को दिसंबर के पहले सप्ताह में मंजूरी मिली थी। शहर में बारिश के पानी के जमा होने की एक बड़ी समस्या थी। परियोजना से शहर के करीब आधे हिस्से को सीधा लाभ होगा तथा जलभराव की समस्या में सुधार होगा।

## बरसात से पहले कार्य पूरा करवाने के प्रयास

पाइप लाइन बिछाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। बरसात से पहले कार्य पूरा करवाने के प्रयास किए जा रहे है ताकि लोगों को जलभराव की समस्या से निजात मिल सके। अभी अनाज मंडी मार्ग पर पाइपलाइन बिछाने का कार्य चल रहा है।
**-नवीन कुमार, जेई, जन स्वास्थ्य विभाग।**



रेवाड़ी। जल निकासी को लेकर गांवों का निरीक्षण करते हुए एडीसी राहुल मोदी।

## *जल निकासी व्यवस्था के लिए एडीसी ने किया कोसली व भाकली का दौरा*

*कोसली। एडीसी राहुल मोदी ने शुक्रवार को कोसली व भाकली का दौरा किया तथा गांवों में पानी की निकासी को लेकर प्रस्तावित परियोजनाओं के बारे में जानकारी ली। कोसली व भाकली गांव, साल्हावास रोड और नाहड़ रोड पर बरसात के दिनों में जलभराव की समस्या बनी रहती है। विधायक अनिल यादव की ओर से जल निकासी को लेकर विधानसभा में मुद्दा उठाया गया है। पंचायती राज और जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने पानी की निकासी के लिए दो प्रोजेक्ट बनाए हुए हैं, जिन्हें अभी स्वीकृति मिलनी बाकी है। एडीसी राहुल मोदी ने कोसली व भाकली गांवों में प्रस्तावित पानी निकासी की परियोजनाओं को लेकर मौके का मुआयना किया। उन्होंने गुड़ियानी रोड पर पब्लिक हेल्थ के एसटीपी, भाकली चौक, साल्हावास रोड और केंद्रीय विद्यालय के पास के स्थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान कोसली के एसडीएम विजय कुमार यादव भी उनके साथ मौजूद थे। पंचायती राज के कार्यकारी अभियंता नरेंद्र गुलिया ने एडीसी को बताया कि विभाग ने करीब 6 करोड़ रुपये का एक एस्टीमेट पानी निकासी के लिए बनाया है, जिसके तहत पाइपलाइन की ड्रेन व तालाब की खुदाई कराकर पानी का प्रबंधन किया जा सकता है। इसमें रेलवे लाइन से नीचे पाइप डालने के लिए भी रेलवे से मंजूरी लेनी होगी। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता अशोक यादव ने बताया कि बरसाती पानी को ड्रेन नंबर आठ तक पहुंचाने का करीब 26.71 करोड़ रुपये का एक प्रोजेक्ट तैयार किया गया है, जिसे सिंचाई विभाग से स्वीकृति मिलनी बाकी है। इस अवसर पर जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ गजराज सिंह, पंचायती राज के एसडीओ विकास कुमार, सिंचाई विभाग के एसडीओ संजीव कुमार, बीडीपीओ सुनीता, सरपंच रामकिशन जांगड़ा, सरपंच श्याम सिंह यादव, जेई राहुल यादव, जेई सोमवीर, विजय पूनिया व सुरेश यादव मौजूद थे।*

## खबर संक्षेप

### पोक्सो एक्ट के तहत आरोपी चढ़ा हत्थे

**रेवाड़ी।** पुलिस ने नाबालिग का यौन शोषण करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर गत 20 जनवरी को राजस्थान के रामगढ़ निवासी पवन के खिलाफ पोक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया था। पीड़ित बच्ची का अस्पताल से मेडिकल करवाया गया था। आरोपी केस दर्ज होने के बाद से फरार चल रहा था। उसे गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### मारपीट मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

**जाटूसाना।** पुलिस ने बेरली में मारपीट करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मारपीट में घायल हुए पीड़ित के बयान पर एक ही परिवार के कई लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। पीड़ित ने उसके साथ जमकर मारपीट करने के आरोप लगाए थे। गत 13 फरवरी को दर्ज किए गए मामले में बेरली निवासी राजेश, मुन्नी, दिवेश व प्रियंका को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मामले की तफ्तीश में शामिल करने के बाद आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### दहेज प्रताड़ना के मामले में एक आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** पुलिस ने दहेज की मांग पर विवाहित को प्रताड़ित करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जिले के एक गांव निवासी विवाहिता की शिकायत के आधार पर दोनों पक्षों के बीच सुलहनामा कराने के प्रयास किए थे। बार-बार बातचीत कराए जाने के बाद भी दोनों पक्षों में समझौता नहीं हुआ था। पुलिस ने इसके बाद 3 जनवरी को आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में राजस्थान के सिलारपुर निवासी अर्जुन को गिरफ्तार कर लिया। उसे पुलिस बेल पर पर रिहा कर दिया गया।

### घर में घुसकर छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना खोल पुलिस ने घर में घुसकर छेड़छाड़ करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर नाहड़ क्षेत्र के एक गांव निवासी रवि प्रकाश के खिलाफ 6 फरवरी को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। आरोपी केस दर्ज होने के बाद से ही पुलिस गिरफ्त से बाहर चल रहा था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

### सड़क हादसे के बाद फरार चालक काबू

**डहीना।** पुलिस चौकी ने सड़क हादसे के बाद मौके से फरार एक वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। डहीना के निकट हुए हादसे के बाद पुलिस ने घायल के बयान पर 6 फरवरी को वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया था। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए कंवाली निवासी कविंद्र को इस मामले में गिरफ्तार कर लिया। हादसे को अंजाम देने वाला उसका टैंपो भी पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया। आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### संगठित हिंदू-अखंड भारत कार्यक्रम रविवार को

**रेवाड़ी।** हमारा परिवार संस्था की ओर से 22 फरवरी को पंजाबी धर्मशाला में राष्ट्रभक्ति का कार्यक्रम 'संगठित हिंदू-अखंड भारत' का आयोजन किया जाएगा। संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने बताया कि शिक्षाविद प्रो. सीएल सोनी कार्यक्रम में मुख्यातिथि और प्रदीप डागर संरक्षक गोक्रांति मिशन विशिष्टातिथि रहेंगे। संस्था की ओर से नवप्रेरणा संस्था के अध्यक्ष हरीश मलिक, शिक्षाविद राजेंद्र सिंह यादव, एचएमवीए के पूर्व जिला प्रधान रामरतन यादव व पर्यावरणविद अनुराधा सैनी का अभिनंदन किया जाएगा।

# मोबाइल हैक कर 2.44 लाख का चूना लगाया

- साइबर क्राइम थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

साइबर ठगों ने एक व्यक्ति का मोबाइल फोन हैक करने के बाद उसे लगभग 2.44 लाख रुपये की साइबर ठगी का शिकार बना दिया। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

गढ़ी बोलनी रोड पर एक सोसायटी में रहने वाले विनित तंवर ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया कि बीते सप्ताह अनजान नंबर से कॉल आने के बाद उसका मोबाइल फोन हैंग हो गया था। उसने फोन को रिस्टोर करा लिया। 19 फरवरी को उसके मोबाइल फोन पर बैंक खाते से पैसे कटने के पांच मैसेज आए। जब उसने अपना खाता चेक किया, तो खाते से 243524 रुपये गायब मिले। उसने तुरंत डायल-1930 पर शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद साइबर क्राइम थाना पुलिस को बैंक डिटेल के साथ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद उन खातों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए, जिनमें उसकी रकम ट्रांसफर हुई है। पुलिस ने संबंधित खातों को फ्रीज कराने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी।

# शराब के नशे में मिला चालक, ट्रैफिक पुलिस ने इंपाउंड की बस

- यात्रियों को करना पड़ा परेशानी का सामना, दूसरी बस भेजकर रवाना किए गए यात्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रोडवेज में लीज पर चल रही एक बस का चालक प्राइवेट बस चालक के साथ उलझ गया। विवाद होने पर मौके पर ट्रैफिक पुलिस पहुंच गई। एल्कोहल मीटर ने उसके शराब के नशे में होने की पुष्टि कर दी। चालक के पास बस के दस्तावेज पूरे नहीं होने के कारण पुलिस ने बस को इंपाउंड कर दिया।

यात्रियों को दूसरी बस से दिल्ली के लिए रवाना किया गया। काफी देर तक बस यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। राजस्थान के सरदार शहर से वाया रेवाड़ी दिल्ली जाने वाले बस सुबह बस स्टैंड पर पहुंची थी। बस स्टैंड के बाहर सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है, जिस कारण चालक ने बस प्रवेश द्वार की ओर से निकालने का प्रयास किया। इसी दौरान सामने से आ रही प्राइवेट बस के चालक से लीज बस चालक का विवाद हो गया। झगड़ा इतना बढ़ गया कि प्राइवेट बस चालक ने पुलिस को सूचना देकर मौके पर बुला लिया। आरोप लगाया कि लीज की बस के चालक ने शराब का सेवन किया हुआ है।

इसके बाद ट्रैफिक पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मशीन से एल्कोहल की जांच की। चालक नशे में पाया गया। उसके पास बस के दस्तावेज भी नहीं मिले। ट्रैफिक पुलिस ने बस खाली कराने के बाद उसे इंपाउंड कर दिया। चालक का चालान भी कर दिया गया। इसी दौरान दूसरी बस की व्यवस्था करते हुए यात्रियों को दिल्ली के लिए रवाना किया गया।





रेवाड़ी। पुलिस की ओर से इंपाउंड की गई रोडवेज, चालान काटते हुए ट्रैफिक पुलिस।



फोटो : हरिभूमि

## लाइसेंस रद्द करने के लिए लिखा जाएगा

सिटी ट्रैफिक इंचार्ज बलवंत सिंह ने बताया कि चालक जांच के दौरान शराब के नशे में पाया गया। उसका चालान किया गया है। उसका वाहन चालक लाइसेंस कैंसिल कराने के लिए आरटीए सचिव को पत्र लिखा जाएगा। बस को कागजात पूरे नहीं होने के कारण जब्त कर लिया गया है।

*डीटीपी की तोड़फोड़ की कार्रवाई से कॉलोनाइजर व प्रोपर्टी डीलरों में मचा हडकंप*

# डीटीपी का बावल क्षेत्र में एक्शन, पांच एकड़ की दो अवैध कॉलोनियां की ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डीटीपी विभाग की टीम ने शुक्रवार को बावल क्षेत्र में रेवाड़ी-शाहजहांपुर रोड और रेवाड़ी-बावल रोड की राजस्व सीमा में अवैध रूप से विकसित की जा रही दो कॉलोनियों व अवैध निर्माणों पर एक्शन लिया। पुलिसबल की मौजूदगी में डीटीपी की कार्रवाई का कहीं विरोध नहीं हुआ। डीटीपी की लगातार कार्रवाई के बाद भी कॉलोनाइजर व डीलर नई कॉलोनियां विकसित करने में लगे हुए हैं। डीटीपी के निर्देश पर शुक्रवार को पुलिसबल व ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ टीम रेवाड़ी-शाहजहांपुर रोड स्थित गांव मोहम्मदपुर की सीमा में पहुंची। डीटीपी की टीम ने करीब 2 एकड़ जमीन पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी में 3 डीपीसी, सीमांकन व कच्चे रोड नेटवर्क पर कार्रवाई की। डीटीपी की टीम ने रेवाड़ी-बावल रोड स्थित गांव सुठानी में करीब 3 एकड़ जमीन पर विकसित हो रही अवैध कॉलोनी में प्रारंभिक स्तर के सीमांकन रोड पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की।



रेवाड़ी। अवैध कॉलोनी का निर्माण तोड़ती जेसीबी। फोटो : हरिभूमि

## नियमित कॉलोनियों में ही प्लॉट खरीदें : सिहाग



डीटीपी मंदीप सिहाग ने कहा कि लोगों को बार-बार यह बताया जाता है कि वह प्लॉट खरीदने से पहले उनके कार्यालय में आकर पूछताछ जरूर करें। लोग प्रॉपर्टी डीलरों में चंगुल में फंसकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदते हैं। जब वह निर्माण शुरू करते हैं, तो विभाग की ओर से उन्हें गिराने की कार्रवाई की जाती है। इससे प्लॉट खरीदकर निर्माण करने वाले लोगों को दोहरा नुकसान उठाना पड़ता है। लोगों को चाहिए कि वह नियमित कॉलोनियों में ही प्लॉट या मकान खरीदें, ताकि उन्हें आर्थिक नुकसान का सामना नहीं करना पड़े।

# आईजीयू के छात्रों का प्रतिष्ठित होटलों में जॉब ट्रेनिंग के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मीरपुर

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के होटल पर्यटक एवं प्रबंधन विभाग के छात्रों का देश के प्रतिष्ठित पांच सितारा होटलों एवं रिसॉर्ट्स में ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग के लिए चयन हुआ है। छात्र मुकेश, पायल, शुभम, गौरव तथा अमन का चयन जॉब ट्रेनिंग के लिए हुआ है। विवि के कुलपति प्रोफेसर असीम मिगलानी ने चयनित छात्रों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की उपलब्धियां विश्वविद्यालय की उद्योग-उन्मुख शिक्षा नीति को और अधिक सुदृढ़ बनाती हैं। विभाग की अध्यक्ष प्रोफेसर अदिति शर्मा ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट कॉर्डिनेटर डा. विक्रांत सहित विभाग के समस्त फैकल्टी सदस्यों ने इस उपलब्धि को अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया।



रेवाड़ी। आईजीयू के होटलों में चयनित छात्र। फोटो : हरिभूमि

## सुबह के समय सड़कों पर छाया कोहरा, बारिश की अभी नहीं कोई संभावना

# हल्की बारिश के बाद पारा चढ़ना शुरू, ठंड भी होने लगी कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

बीते बुधवार को जिले में हुई बारिश के बाद बढ़ा ठंड का असर लगभग समाप्ति की ओर है। बारिश के कारण सुबह के समय कोहरे और ठंड का असर रहा, परंतु दोपहर तक तेज धूप ने मौसम गर्म बना दिया। शनिवार से तापमान में निरंतर वृद्धि होने की संभावना है, जिस कारण सुबह और शाम के समय भी ठंड का असर खत्म होता चला जाएगा। मार्च माह के शुरू में ही गर्मी अपना असर दिखाना शुरू कर देगी। बारिश की जल्द संभावना नजर नहीं आ रही है। शुक्रवार सुबह आसमान साफ रहने के बावजूद घना कोहरा छाया रहा। कोहरे के कारण सड़कों पर वाहनों की रफ्तार धीमी पड़ी रही। वाहन चालक लाइटें जलाकर एक-दूसरे के पीछे चलते नजर आए। हालांकि कोहरे की विजिबिलिटी ज्यादा खराब नहीं थी, परंतु हाइवे पर इसका ज्यादा असर रहा। सुबह के समय मौसम ठंडा बना रहा। 9 बजे तक तेज धूप निकलते ही कोहरा साफ हो गया। इसके बाद मौसम गर्म होना शुरू हो गया। अधिकतम तापमान 0.5 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 27.0 डिग्री पर पहुंच गया। न्यूनतम तापमान भी 0.9 डिग्री की वृद्धि के साथ 10.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर 56 प्रतिशत तक रहा। सुबह की ठंड का असर दोपहर तक पूरी तरह खत्म हो गया। इसके बाद मौसम गर्म हो गया। गर्म कपड़े भी शरीर को चुभने शुरू हो गए। मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों तक मौसम खुष्क बना रहेगा।

तापमान में लगातार वृद्धि होगी, जिससे माह के अंत तक सुबह-शाम और रात की ठंड का असर भी खत्म होता चला गया। मार्च माह के शुरू में ही पंखे चलने शुरू हो सकते हैं। इस दौरान बारिश की कोई संभावना नजर नहीं आ रही है।




रेवाड़ी। शुक्रवार सुबह महेन्द्रगढ रोड पर छाया कोहरा। फोटो : हरिभूमि

## *सरसों की कटाई का कार्य भी जल्द*

*सरसों की अगेती फसल पककर तैयार होने लगी है। फरवरी के अंत तक फसल काटने और निकालने का कार्य शुरू हो जाएगा। पछेती फसल की कटाई शुरू होने में अभी समय लगेगा। गेहूं की फसल में भी दाना बनना शुरू हो गया है, जबकि पछेती फसल में बालियां निकल रही हैं। मौसम इस समय दोनों फसलों के लिए अनुकूल बना हुआ है। आने वाले दिनों में ज्यादा तापमान गेहूं की फसल को प्रभावित कर सकता है, जबकि सरसों में नुकसान की कोई आशंका नहीं है।*

### मंडोर एक्सप्रेस अब नए नंबरों से होगी संचालित

**रेवाड़ी।** रेलवे की ओर से जोधपुर-दिल्ली-जोधपुर मंडोर एक्सप्रेस रेलसेवा के नंबरों के साथ-साथ डिब्बों की अवसंरचना में भी परिवर्तन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ अमित सुदर्शन के अनुसार गाड़ी संख्या 22995/22996 जोधपुर-दिल्ली-जोधपुर मंडोर एक्सप्रेस रेलसेवा में जोधपुर से 1 मई से तथा दिल्ली से 2 मई से नए नंबर गाड़ी संख्या 22491/22492 जोधपुर-दिल्ली-जोधपुर मंडोर एक्सप्रेस रेलसेवा के रूप में संचालित होगी। साथ ही इस रेलसेवा के डिब्बों की अवसंरचना में परिवर्तन किया जा रहा है। इस रेलसेवा में 1 फर्स्ट मय सैकेंड एसी, 2 सैकेंड एसी, 6 थर्ड एसी, 6 द्वितीय शयनयान, 4 साधारण श्रेणी, 1 पेंट्रीकार, 1 पॉवरकार व 1 गार्ड डिब्बा सहित कुल 22 डिब्बे होंगे।



# बॉबी की फिल्म 'बंदर' की रिलीज डेट अनाउंस

**मुंबई।** अनुराग कश्यप के डायरेक्शन में बनी बॉबी देओल स्टारर फिल्म बंदर का आज मेकर्स ने नया पोस्टर रिलीज कर दिया है। इसके साथ ही फिल्म की रिलीज डेट भी अनाउंस कर दी गई है। बॉबी फिल्म एनिमल के बाद से ही चर्चा में है। इस फिल्म में वह अबरार के रोल में दिखे थे और उन्होंने अपने इस किरदार से तहलका मचा दिया। वहीं, इसके बाद अब वह फिर से धांसू रोल में नजर आने वाले हैं। दरअसल, बॉबी फिल्म बंदर : मंकी इन ए केज में नजर आएंगे। दरअसल, अनुराग कश्यप के निर्देशन में बनी बॉबी, सान्या मल्होत्रा, सबा आजाद और सपना पब्बी स्टारर फिल्म बंदर का हाल ही में मेकर्स ने नया पोस्टर रिलीज करते हुए फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान किया है।

## लाइफ Style

# संदीपा

## 'नैना' की कहानी मेरी भी कहानी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

*रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'दो दीवाने सहर में' सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म में मृणाल ठाकुर और सिद्धांत चतुर्वेदी के अलावा अभिनेत्री संदीपा धर ने दमदार किरदार निभाया है। अभिनेत्री ने रिलीज के दिन सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपने दिल की बात बयां की।*

अभिनेत्री संदीपा धर ने इंस्टाग्राम पर कुछ बीटीएस तस्वीरें शामिल हैं, जिनमें वे नैना के किरदार में नजर आ रही हैं। साथ ही, उनके साथ मृणाल, सिद्धांत और फिल्म के अन्य कलाकार भी नजर आ रहे हैं। संदीपा ने लिखा, "नैना अब आपकी है। मैं करीब एक साल से इस किरदार के साथ जुड़ी हुई हूं। इसने मुझे उन बातों पर सोचने को मजबूर कर दिया, जिनसे मैं भागना चाहती थी।

उन्होंने लिखा कि अक्सर हम लोग किसी को पसंद आने के लिए अपने आपको बदलने लगते हैं और फिर भी लगता है कि हम अच्छे नहीं हैं। आईने में देखकर सिर्फ अपनी कमियां ही क्यों दिखती हैं? उन्होंने लिखा, नैना की कहानी मेरी कहानी है। शायद आपकी भी। मेरे पास हर सवाल का जवाब नहीं है। मैं भी सीख रही हूं, लेकिन इतना जरूर जानती हूं कि हमें बार-बार उन लोगों को अपनी वैल्यू साबित करने की जरूरत नहीं, हमें कभी समझ ही नहीं पाएंगे। हमें अपनी किस्मत खुद समझनी चाहिए। अभिनेत्री ने पोस्ट के अंत में लिखा,अगर कभी आपको लगे कि आप काफी नहीं हैं, तो ये कहानी आपके लिए है। अगर आपने कभी किसी के लिए खुद को खो दिया, तो ये कहानी आपके लिए है। आइए, हम सब मिलकर खुद को फिर से ढूंढें।



## हॉलीवुड मसाला



# एरिक ने दुनिया को कहा अलविदा

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री से एक बहुत बुरी खबर सामने आई है। यहां इंडस्ट्री के फेमस और दिग्गज एक्टर एरिक डेन का निधन हो गया है। 'ग्रेज एनाटॉमी' और 'यूफोरिया' जैसी हिट सीरीज देने वाले एरिक डेन ने महज 53 साल की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया है। एरिक डेन के निधन की जानकारी उनके परिवार ने दी है। उनके निधन की खबर से पूरी इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ पड़ी है। बताया जा रहा है कि एरिक डेन की मौत कथित तौर पर एक खतरनाक बीमारी की वजह से हुई है।



# ऑरलैंडो ब्लूम दिखे खूबसूरत हसीना के साथ

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड स्टार ऑरलैंडो ब्लूम अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। हाल ही में एक्टर को कैलिफोर्निया के सांता क्लारा स्थित लेवीज़ स्टेडियम में एक खूबसूरत हसीना के साथ देखा गया, जहां से उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं। सुपर बाउल संडे के मौके पर 49 वर्षीय "लॉर्ड ऑफ द रिंग्स" फेम एक्टर ऑरलैंडो ब्लूम को हसीना संग मैच के बाद स्टेडियम से निकलते हुए देखा गया, जहां दोनों एक-दूसरे का हाथ थामे नजर आए। दोनों की नजदीकियों ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। रिपोर्ट्स के अनुसार, दोनों इवेंट में एक साथ पहुंचे थे, हालांकि स्टेडियम में एंट्री के वक्त लुईसा ऑरलैंडो से एक कदम आगे चल रही थीं। इसके बावजूद, पूरे समय दोनों की बॉन्डिंग और केमिस्ट्री साफ नजर आ रही थी।



# सस्ते बिस्किट की दीवानी करीना

**मुंबई।** करीना कपूर 5 रुपए वाले सस्ते बिस्किट की दीवानी हैं। हर शाम चाय की चुसकी संग वो इसके चटकारे लेती हैं। गौर करने वाली बात ये है कि ये बिस्टिक घर-घर में खाया जाता है। अब उन्होंने इसकी झलक भी दिखाई है। हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने शाम के रूटीन की एक ऐसी झलक साझा की, जिसने करोड़ों भारतीयों के दिल को छू लिया। करीना ने इंस्टाग्राम पर अपनी शाम की चाय की एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें किसी महंगे विदेशी स्नैक के बजाय भारत का सबसे भरोसेमंद और पुराना साथी 'पारले-जी' बिस्कुट नजर आया। एक कप गरमा-गरम चाय और उसके बगल में रखे दो पारले-जी बिस्कुट की इस तस्वीर ने न केवल पुरानी यादें ताजा कर दीं, बल्कि यह भी साबित कर दिया कि खुशियां अक्सर छोटी और साधारण चीजों में ही छिपी होती हैं।



# एक्शन मूवी टॉक्सिक का टीजर रिलीज

**मुंबई।** यश की मोस्ट अवेटेड एक्शन ड्रामा मूवी टॉक्सिक का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म की पहली झलक ने फैंस के होश उड़ा दिए थे। वहीं अब टीजर देखकर लोगों की एक्साइटमेंट और भी ज्यादा बढ़ गई है। फिल्म में यश के अलावा तमाम हसीनाएं नजर आएंगी। हुमा कुरैशी, तारा सुतारिया, कियारा आडवाणी, रुक्मिणी वसंत, नयनतारा जैसी एक्ट्रेस दिखाई देंगी। टीजर की शुरुआत यश के वॉइस ओवर से होती है, जहां वो कहते हैं कि इस बार जंग अलग है, उनकी मक्कारी भी अलग है। इसके बाद टीजर के कई एक्शन सीन देखने को मिले है। टीजर में कई सीन में यश अपने दुश्मनों का बुरा हाल करते हुए दिख रहे हैं। यहां तक कि एक ऐसा सीन भी है जब यश आरी की मशीन से एक शख्स की गर्दन काटते हुए भी दिख रहे हैं। यह सीन दिमाग हिला देने वाला है।

## टीवी मसाला

# दिव्या अग्रवाल की शादी की अफवाहों पर लगा विराम

**मुंबई।** मशहूर अभिनेत्री दिव्या अग्रवाल अक्सर अपनी प्रोफेशनल लाइफ से ज्यादा पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में रहती हैं। कई समय से उनकी शादी में दरार और तलाक की खबरें जोरों पर थीं, और यह खबरें भी आई थीं कि दिव्या अपने पति से अलग रह रही हैं और उनके रिश्ते में कड़वाहट आ गई है। दरअसल, रियलिटी शो 'द 50' में कंटेस्टेंट भाव्या सिंह ने दिव्या के वैवाहिक जीवन पर सवाल उठाए थे, जिससे अफवाहें और तेज हो गई थीं, लेकिन इन सभी अफवाहों पर विराम लगाते हुए दिव्या ने अपनी शादी की सालगिरह के मौके पर पति संग एक खास वीडियो शेयर किया। पोस्ट किए गए वीडियो में दोनों एक दूसरे के साथ प्यार भरे अंदाज में नजर आ रहे हैं। दिव्या ने लिखा, मैंने आपसे शादी इसलिए की क्योंकि आप ही वो इंसान हैं जो मुझे पूरी तरह समझते हैं। आपने कभी मुझे बदलने की कोशिश नहीं की। आप मुझे अंदर से जानते हैं, जैसे मैं सच में हूं। आगे उन्होंने लिखा, मेरे प्यार को शादी की सालगिरह मुबारक। आने वाले सालों में चाहे जिंदगी कितनी भी पागलपन भरी क्यों न हो, हम हमेशा साथ रहेंगे। यह पोस्ट देखकर फैंस बहुत खुश हो गए। दिव्या की दोस्त और अभिनेत्री गौहर खान ने भी कमेंट करके बधाई दी।





# कल्याणी की लोका 2 को लेकर बड़ा अपडेट

**मुंबई।** साउथ की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'लोका चैप्टर 1' के दूसरे पार्ट को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। इसके बारे में खुद फिल्म की लीड एक्ट्रेस कल्याणी प्रियदर्शन ने अपडेट दी है। साल 2025 की ब्लॉकबस्टर मलयालम फिल्म 'लोका चैप्टर 1' ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था। दर्शकों को ये फिल्म बहुत पसंद आई थी। बॉक्स ऑफिस पर इसकी धुआंधार कमाई ने हर किसी को हैरान कर दिया था। अब इस फिल्म के दूसरे पार्ट को लेकर बड़ी खबर आई है। फिल्म की शूटिंग को लेकर भी अपडेट सामने आया है। इसके बारे में खुद फिल्म की लीड एक्ट्रेस कल्याणी प्रियदर्शन ने खुलासा किया है। दरअसल हाल ही में हुए एक इवेंट में लोका फिल्म की लीड एक्ट्रेस कल्याणी प्रियदर्शन ने फिल्म के दूसरे पार्ट को लेकर बात की। उन्होंने कहा, 'फिल्म 'लोका 2' की स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है। उम्मीद है कि शूटिंग सितंबर से शुरू होगी। मैं फिल्म का हिस्सा हूं। आप फिल्म का इंतजार करें। बता दें कि बॉक्स ऑफिस पर धुआंधार कमाई के साथ लोका चैप्टर 1 ने कई रिकॉर्ड बनाए थे। ये भारत की पहली सुपरवुमन फिल्म भी है। लीड एक्ट्रेस के तौर पर कल्याणी प्रियदर्शन ने खूब सुर्खियां बटोरी थीं। एक्शन और ड्रामा से भरपूर मलयालम फिल्म 'लोका' एक वुमन सुपरहीरो की कहानी है। इसमें चंद्रा नाम की एक लड़की है, जिसमें पास कुछ सुपरपावर होती हैं और वो असहाय लोगों की मदद करती है। इसकी कहानी ने दर्शकों को खूब आकर्षित किया था। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई की थी। महज 33 करोड़ रुपये के बजट में तैयार इस फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर ग्रास 183.96 करोड़ रुपए कमाए थे।

# कुमार ने दिया सरप्राइज, रैपर के साथ गाया गाना

*मशहूर गायक कुमार सानू ने मनोरंजन जगत में कई यादगार गाने गाए हैं और दर्शकों के दिलों में खास पहचान बनाई है, लेकिन गायक ने इस बार फैंस को सरप्राइज दिया है। उन्होंने रैपर और सिंगर किंग के साथ मिलकर नया गाना 'मजा प्यार करने में' रिलीज किया है। यह गाना किंग के नए एल्बम राजा हिंदुस्तानी का ही हिस्सा है।*



**मुंबई।** यह एल्बम इसलिए भी खास है क्योंकि इसमें किंग और कुमार सानू को साथ में देखा जा रहा है। गाने में कुमार सानू की क्लासिक आवाज और किंग का मॉडर्न रैप स्टाइल मिलकर कमाल का जादू बिखेर रहे हैं। दोनों कलाकार अपने सुरों से खेलते नजर आ रहे हैं। कुमार सानू और किंग ने गाने को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, "मजा प्यार करने में गाना रिलीज किया जा चुका है। यह मेरे लिए जिंदगी में एक बार मिलने वाला खास पल है। थोड़ा सा प्यार जरूर दिखाएं।" जहां गाने को कुमार सानू और किंग ने अपनी शानदार आवाज से सजाया है, वहीं इसके लिरिक्स भी किंग ने दिए हैं और आदित्य देव ने इसे संगीतबद्ध किया है।

# 7 साल बड़े क्रिकेट होस्ट से शादी करेंगी



***मुंबई।*** *एक्ट्रेस कृतिका कामरा इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। जल्द ही उनके घर शादी की शहनाई बजने वाली है। लंबे समय से फैंस शादी का इंतजार कर रहे हैं। इसी बीच उनकी शादी की डेट भी फिक्स हो गई है। कृतिका कामरा और गौरव कपूर 11 मार्च को शादी के बंधन में बंधेंगे। दोनों ने बिना किसी शोर शराबे और दिखावे के सिंपल तरीके से शादी करने का फैसला किया है। बताया जा रहा है कि दोनों घर पर ही निजी साइनिंग सेरेमनी में शादी करेंगे, जिसमें केवल घर के लोग ही शामिल होंगे। हालांकि, शादी के बाद दोनों ने रिसेप्शन पार्टी देने का फैसला किया है, जो कि 12 मार्च को होस्ट की जाएगी। इस खास मौके पर कई टीवी और बॉलीवुड के स्टार्स और कई क्रिकेटर्स शामिल होंगे। करीबी सूत्रों की मानें तो दोनों का यह मानना है कि वह बिना दिखावे के ऐसी शादी करें, जिसमें ढेर सारी यादें हों। ऐसे पल जिसे आप जी सकें। वह परंपराओं का सम्मान करते हैं। इसीलिए वह अपने परिवार के साथ सादगी, अपनापन और अपनों की खुशियों के बीच इन खास पलों को शेयर करना चाहते हैं। बता दें, कृतिका कामरी की यह गौरव से पहली शादी है, जबकि गौरव कपूर इससे पहले किरत भट्टल के साथ शादी के बंधन में बंधे थे। दोनों ने साल 2014 में शादी की थी और साल 2021 में दोनों का तलाक हो गया। फिर इसके बाद वे कृतिका के रिलेशन में आए और 2025 में दोनों ने अपने रिश्ते को ऑफिशियल किया।*

## ग्लोबल पॉप स्टार ने किया था 2007 में मुंबई में परफॉर्म

# 19 साल बाद भारत लौट रहीं शकीरा, मुंबई और दिल्ली में करेंगी लाइव कॉन्सर्ट

*करीब दो दशकों के बाद ग्लोबल पॉप स्टार शकीरा एक बार फिर भारत में लाइव परफॉर्म करेंगी। खास बात यह है कि इस बार शकीरा मुंबई और दिल्ली में अपने धमाकेदार कॉन्सर्ट करेंगी। 19 साल बाद भारत में उनकी वापसी को लेकर म्यूजिक लवर्स के बीच जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है।*

एजेंसी ▶▶ मुंबई

आयोजकों की ओर से मिली जानकारी के मुताबिक, शकीरा 10 अप्रैल को मुंबई में और 15 अप्रैल को दिल्ली में परफॉर्म करेंगी। यह पहली बार है कि शकीरा का भारत दौरा दो शहरों में आयोजित किया जा रहा है। दोनों ही शहरों में उनके भारी संख्या में फैंस हैं। माना जा रहा है कि ये कॉन्सट्र्स पूरी तरह हाउसफुल रहेंगे। शकीरा की एनर्जी, डांस मूव्स और सुपरहिट गानों का जादू भारतीय दर्शकों के सिर चढ़कर बोलेगा।

### शकीरा का कॅरियर तीन दशकों से ज्यादा लंबा

शकीरा का करियर तीन दशकों से भी ज्यादा लंबा रहा है। उन्होंने 1990 के शुरुआती दौर में अपने म्यूजिक सफर की शुरुआत की थी और धीरे-धीरे वह दुनिया की सबसे लोकप्रिय पॉप सिंगर्स में शामिल हो गईं। 'हिप्स डोंट लाइ', 'व्हेनएवर, वेयरएवर', 'वाका वाका', 'शी वुल्फ' और 'ला टोर्टुरा' जैसे गानों ने उन्हें ग्लोबल पहचान दिलाई। आज भी उनके गाने लगभग सभी देशों में पसंद किए जाते है।

### भारत में शो को लेकर भावुक और उत्साहित

अगर शकीरा के भारत कनेक्शन की बात करें, तो उन्होंने आखिरी बार साल 2007 में मुंबई में परफॉर्म किया था। उस समय वह अपनी 'ओरल फिक्सेशन टूर' के तहत भारत आई थीं। अब लगभग 19 साल बाद फैंस को उनकी लाइव परफॉर्मेंस देखने के लिए मिलेगी। भारत में अपनी वापसी को लेकर शकीरा खुद भी काफी भावुक और उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि भारत में परफॉर्म करना हमेशा उनके लिए खास रहा है। मुंबई और दिल्ली के फैंस से दोबारा जुड़ना एक यादगार अनुभव होगा। इस 'फीडिंग इंडिया कॉन्सर्ट' के जरिए वह बच्चों के पोषण और बेहतर भविष्य का संदेश देना चाहती हैं।



## खबर संक्षेप




### शिविर में कानूनी साक्षरता पर किया जागरूक

**नारनौल।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र सूरा के निर्देशानुसार व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नीलम कुमारी के मार्गदर्शन में गांव दताल में विश्व सामाजिक न्याय दिवस के अवसर पर कानूनी साक्षरता शिविर का आयोजन किया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता धर्मेश जोशी ने ग्राम वासियों को संविधान में दिए गए अधिकारों से अवगत कराया।
उन्होंने बताया कि कानून में ना कोई गरीब होता है ना कोई अमीर होता है। कानून सबके लिए बराबर है। उन्होंने आगामी 14 मार्च को नारनौल, महेंद्रगढ़ व कनीना में होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि किसी भी कानूनी समस्या के लिए आप जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के टोल फ्री नंबर 01282250322 पर फोन कर कानूनी जानकारी ले सकते हैं। तहसील कल्याण अधिकारी शीशराम ने विभाग की लाभकारी योजनाएं बताई।

### फसल खरीद को लेकर बैठक हुई आयोजित

**कनीना।** अनाज मंडी में आढ़तियों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला विपणन प्रवर्तन अधिकारी जगजीत कादियान ने की। जिसमें आढ़तियों ने आगामी रबी फसल की खरीद को लेकर धर्म कांटे सहित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। व्यापारियों ने मार्केटिंग बोर्ड से आए अधिकारी का अभिनंदन किया। इस मौके पर आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान पूर्णसिंह सेहरावत, मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन दीपक गुप्ता, राधेश्याम शर्मा, रविंद्र बंसल, मनीष गुप्ता आदि उपस्थित थे।



# ओवर स्पीड के 797, बिना हेलमेट के 1508 चालान काटे

■ सड़क हादसों को रोकने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय: एडीसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल


**नारनौल।** अधिकारियों की बैठक लेते एडीसी तरुण पावरिया। *फोटो: हरिभूमि*

जिला प्रशासन सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए प्रयास कर रहा है। इसी के चलते शुक्रवार को लघु सचिवालय में अतिरिक्त उपायुक्त तरुण पावरिया की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं सुरक्षित स्कूल वाहन नीति की मासिक बैठक हुई। जिसमें सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश जारी किए गए। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश अनुसार जिला प्रशासन के प्रयासों से सड़क दुर्घटनाओं और मृत्यु दर में कमी आई है। उन्होंने बताया कि जनवरी 2025 में जहां जिले में 26 दुर्घटनाएं हुई थी, वहीं जनवरी 2026 में यह संख्या घटकर 12 रह गई है। इसी प्रकार सड़क हादसों में होने वाली मौतों का आंकड़ा भी पिछले वर्ष जनवरी के 11 के मुकाबले इस वर्ष घटकर 4 रह गया है। अतिरिक्त उपायुक्त ने इन आंकड़ों को कम करने के लिए पुलिस व संबंधित विभागों को दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की पहचान कर उनकी विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस मौके पर डीएमसी रणवीर सिंह, एसडीएम नांगल चौधरी उदय सिंह, एसडीएम कनीना डॉ. जितेंद्र सिंह, नगराधीश डॉ. मंगल सेन, डीएसपी सुरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

#### स्कूल बसों की सघन चेकिंग करने के निर्देश

स्कूली बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त उपायुक्त ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वे एक सप्ताह के भीतर अपने क्षेत्रों में स्कूल बसों की सघन चेकिंग करें। उन्होंने बताया कि जनवरी से अब तक 75 स्कूल बसों की जांच की गई, जिसमें से नियमों का उल्लंघन करने वाली चार बसों के चालान किए गए हैं। इसके अलावा ट्रैफिक पुलिस द्वारा यातायात नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। दिसंबर 2025 में ओवरस्पीडिंग के 797, बिना हेलमेट के 1508 व शराब पीकर गाड़ी चलाने के 56 चालान किए गए।

#### अवैध कट हो बंद

अतिरिक्त उपायुक्त ने सड़क बनाने वाली एजेंसियों को निर्देश दिए कि सड़कों पर बने अवैध कटों को तुरंत बंद किया जाए और टूटी हुई सड़कों व गड्ढों को 30 दिनों के भीतर ठीक किया जाए। अधिकारियों ने बैठक में बताया पिछली बैठक में मिले निर्देश अनुसार कनीना सिहोर रोड पर पेड़ों की टहनियों की कटाई का कार्य पूर्ण कर लिया गया है और रिफ्लेक्टर लगाए गए हैं। एडीसी ने नेशनल हाईवे 152डी पर अवैध ढाबों और चाय की दुकानों को बंद करने के निर्देश दिए।

#### कोताही नहीं होगी बर्दाश्त

सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने के लिए शिक्षा विभाग व आरटीए को कॉलेजों व स्कूलों में हर सप्ताह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जनवरी 2026 तक 619 स्कूल बस चालकों और परिचालकों की आंखों की जांच की गई है। अतिरिक्त उपायुक्त ने सिविल सर्जन को निर्देश दिए कि वाहन पासिंग के दिन ड्राइवरों के लिए नियमित रूप से स्वास्थ्य व आंखों की जांच के कैंप आयोजित किए जाएं। अतिरिक्त उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### सुप्रीम कोर्ट में लंबित याचिका की सही पैरवी कर जल्द लागू किया जाए कानून

# यूजीसी के समर्थन में राष्ट्रपति एवं राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

■ सुप्रीम कोर्ट में लंबित याचिका की सही पैरवी करके नियमों को शीघ्र लागू करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल



**नारनौल।** सीटीएम को ज्ञापन देते पूर्व सांसद राजकुमार सैनी और लोगों को संबोधित करते पूर्व सांसद राजकुमार सैनी। *फोटो: हरिभूमि*

लोकतंत्र सुरक्षा मंच पार्टी के सुप्रीमो पूर्व सांसद राजकुमार सैनी के नेतृत्व में शुक्रवार को यूजीसी के नए अधिनियम के समर्थन में प्रदर्शन किया गया। इसके बाद उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति एवं राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन प्रेषित करके सुप्रीम कोर्ट में लंबित याचिका की सही पैरवी करके नियमों को शीघ्र लागू किए जाने की मांग की गई।
ज्ञापन में लिखा कि जिला महेन्द्रगढ़ के सामाजिक, शैक्षणिक एवं संवैधानिक मूल्यों में आस्था रखने वाले नागरिक यह ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए अवगत करा रहे हैं कि हाल ही में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा अनुसूचित जातिए अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग के लिए जो नियम एवं प्रावधान बनाए गए हैं, वे संविधान के अनुच्छेद 14.15 (4), 15 (5), 16 (4) तथा 46 की भावना के पूर्णतः अनुरूप है। इन नियमों का मूल उद्देश्य उच्च शिक्षा में समान अवसर, प्रतिनिधित्व एवं सामाजिक न्याय को सुनिश्चित करना है। ज्ञापन में कहा गया है कि 13 जनवरी को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने समत्ता के संवर्द्धन से सम्बन्धित विनिमय 2026 लागू किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य उच्च शिक्षा संस्थानों में जाति आधारित और अन्य प्रकार के भेदभाव को रोकना है। पिछले वर्षों में विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों में एससी, ओबीसी समुदाय के अभ्यार्थियों के साथ भेदभाव, उत्पीड़न और असमान अवसरों से जुड़े मामलों में वृद्धि देखी गई है। इससे न केवल अभ्यार्थियों का मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित हुआ, बल्कि उच्च शिक्षा की गुणवता और सामाजिक न्याय के मूल सिद्धांतों पर भी प्रश्नचिह्न लगे हैं।

#### कानून का विरोध दुर्भाग्यपूर्ण

ज्ञापन में लिखा गया है कि यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि यूजीसी कानून कमेटी को लेकर कुछ लोग इस कानून का विरोध कर रहे हैं। यह कमेटी एससी, ओबीसी समाज के अभ्यार्थियों के लिए नौकरी व प्रमोशन में भेदभाव रोकने के लिए बनाई जा रही है। इसको लेकर कुछ लोग मिथ्या प्रचार कर रहे है कि इस कमेटी से ओबीसी के लोग व स्वर्ण समाज के लोगों को एससी एक्ट की तरह इस्तेमाल करेंगे, जबकि अभी यूजीसी कमेटी में निजी शिकायतों का कोई प्रावधान नहीं है। इसीलिए ये लोग यूजीसी कमेटी रद्द करने का प्रयास कर रहे हैं। इसलिए इस कमेटी में समानता व न्यायसंगत के आधार पर आधे से ज्यादा एससी, एसटी, ओबीसी व अल्पसंख्यक, दिव्यांग वर्ग के सदस्य शामिल किए जाएं और यूजीसी की ओर से बनाए गए शोषित हितैषी इन नियमों को बिना किसी विलंब के पूर्ण रूप से लागू किया जाए।

#### यह रहे मौजूद

इस मौके पर लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी के सुप्रीमो पूर्व सांसद राजकुमार सैनी, प्रदेश अध्यक्ष राजेश पांचाल, सुरेश जांगड़ा, डॉ. शिवताज सिंह, राजेश चावरिया, एडवोकेट भीमसिंह दहिया, हरिसिंह भारत सैनी, ईश्वर सिंह, हितेश तोबडी, अरुण सैनी, चंदन सिंह जालवान, बिरदीचंद गोठवाल, किशनलाल लुहानीवाल, लालाराम नाहर, जयपाल सिंह, तोताराम कोहली, बलबीर बबेरवाल, शिवनारायण मोरवाल, डॉ. राजकुमार सैनी, पूर्व पार्षद बनवारी कांडा आदि सहित अनेक लोग उपस्थित थे।


**नांगल चौधरी।** पूर्व सीएम राव बिरेंद्र सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते भाजपा नेता।

# भाजपा नेताओं ने राव बिरेंद्र की प्रतिमा पर किए पुष्प अर्पित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नांगल चौधरी

पूर्व सीएम राव बिरेंद्र सिंह की जयंती पर भाजपा के मंडल प्रधान कर्मवीर यादव की अध्यक्षता में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। जिसमें पूर्व जिला प्रधान दयाराम यादव व रमेश तंवर मुख्य रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में दिवंगत मुख्यमंत्री की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए तथा युवाओं को उनकी कार्यशैली से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि पारदर्शी और स्पष्टवादी राजनीति से ही विकास कार्यों को रफ्तार मिलती है। केंद्रीय मंत्री एवं प्रदेश के सीएम रहे राव बिरेंद्र ने कभी भी नैतिकता और सिद्यांतों से समझोता नहीं किया। बेबाक राजनीति करते हुए उन्होंने समूचे दक्षिण हरियाणा के विकास में योगदान दिया है। उनके सिद्यांतानुसार केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह व प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव बिना भेदभाव समान विकास करवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के शासन में युवाओं को बिना पर्ची खर्ची के नौकरियां मिली हैं, साथ ही नहरी पानी का समान बंटवारा होने से दक्षिण हरियाणा को हिस्से का पानी मिल पाया है। कोरियावास मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की कक्षाएं आरंभ होने से युवाओं को राहत मिली है। इसके अलावा पटीकरा में स्थापित आयूर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में सीटें बढ़ाकर सरकार युवाओं को तोहफा दिया है। उन्होंने कहा कि पूर्व सीएम बिरेंद्र सिंह की जीवनी से युवाओं को परदर्शिता की प्रेरणा मिलती रहेगी। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्णचंद गोठड़ी, महामंत्री सरजीत सिंह, देवीलाल आदि मौजूद रहे।

*प्रशासन सफाई कर्मियों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्धः डीसी*

# महेंद्रगढ़ आधिकारिक तौर पर मैनुअल स्कैवेंजिंग मुक्त घोषित

**नारनौल।** जिला महेंद्रगढ़ आधिकारिक तौर पर पूर्णतः मैनुअल स्कैवेंजिंग (हाथ से मैला ढोने की प्रथा) से मुक्त घोषित हो चुका है। इस आधिकारिक घोषणा को केंद्र सरकार के नमस्ते पोर्टल पर भी दर्ज कर दिया गया है। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के दिशानिर्देशों तथा मैनुअल स्कैवेंजर्स के रूप में रोजगार का निषेध और उनका पुनर्वास अधिनियम 2013 की पालन के फलस्वरूप महेंद्रगढ़ जिला आधिकारिक तौर पर 13 जनवरी 2025 से मैनुअल स्कैवेंजिंग मुक्त प्रमाणित हो चुका है। उपायुक्त ने बताया कि जिले में किए गए व्यापक सर्वेक्षणों, स्वच्छता कर्मियों के पुनर्वास हेतु चलाए गए प्रयासों और नमस्ते पोर्टल व स्वच्छ भारत मिशन जैसी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के कारण संभव हो पाई है। वर्तमान में जिले में मैनुअल स्कैवेंजिंग का कोई भी मामला मौजूद नहीं है और प्रशासन सफाई कर्मचारियों की गरिमा व सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। कैप्टन मनोज कुमार ने जानकारी दी कि यदि इस घोषणा के संबंध में किसी भी नागरिक को कोई आपत्ति है तो वह 15 दिनों के भीतर जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय में लिखित रूप में अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है। उन्होंने इस लक्ष्य को प्राप्त करने में सहयोग देने वाले सभी स्थानीय अधिकारियों, सफाई कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# राव बिरेंद्र सिंह की 105वीं जयंती मनाई

## स्वास्थ्य मंत्री के कार्यालय पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडी अटेली



**मंडी अटेली।** राव बिरेंद्र सिंह की जयंती पर पुष्प अर्पित करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

स्वास्थ्य मंत्री आरती राव के कार्यालय अटेली में शुक्रवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री राव बिरेंद्र सिंह की 105वीं जयंती पर उनके चित्र के सामने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देकर उन्हें याद किया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के निजी सहायक विकास यादव ने किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने बताया कि राव बिरेंद्र सिंह किसानों, मजदूरों व गरीबों के सच्चे हिमायती व पैरोकार थे। राव बिरेंद्र सिंह कृषि मंत्री रहते हुए किसान हित में अनेक योजनाएं लागू की गई, जिनका किसानों को आज भी लाभ फायदा मिल रहा है। राव बिरेंद्र सिंह का प्रदेश की राजनीति में अपना अलग वर्चस्व था। उन्होंने हमेशा स्वार्थ की राजनीति से ऊपर उठकर प्रदेश के विकास को महत्व दिया। आज की राजनीति में ऐसे नेताओं की कमी खलना स्वाभाविक है। उन्होंने राजनीतिक काल में सदैव किसानों और मजदूरों को खास ख्याल रखा तथा इलाके में उन्होंने जो विकास कार्य कराए वह अपने आप में मिसाल हैं, यही वजह है कि राव बिरेंद्र सिंह हरियाणा के दमदार नेता के तौर पर जाने जाते थे। उनके दिखाए मार्ग पर चलकर ही आज उनके पुत्र केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह पूरे समाज को साथ लेकर बिना भेदभाव के कार्य कर रहे हैं। राव बिरेंद्र सिंह का जन्म 20 फरवरी 1921 को रेवाड़ी जिला के नांगल पठानी गांव में हुआ था। राव बिरेंद्र सिंह अपनी शिक्षा पूरी करने के बाद सेना में कमीशन ऑफिसर बने एवं कप्तान पद पर रहते हुए उन्होंने वेतन के नाम पर केवल एक रुपया लेते थे।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर महामंत्री इंद्रजीत यादव, ग्रीवेंस कमेटी सदस्य एडवोकेट बबली यादव, पूर्व चेयरमैन विकास यादव, अटेली मार्केट कमेटी के चेयरमैन दिनेश जेलदार, वाइस चेयरमैन राधेश्याम गोयल, सतीश डीएसपी, सत्यवीर सुजापुर, कृष्ण शर्मा, विक्रम सरपंच, वाईस चेयरमैन रामकिशन जांगिड़, भूपेश गुप्ता, पार्षद अंशुल गोयल, अटेली भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार गनियार, रिंकू सरपंच, मंडल अध्यक्ष मंजीत यादव, तेजप्रकाश चंदपुरा, आईटी सेल हेमंत बेगपुर व प्रदीप आदि मौजूद रहे।

# किसानों को ड्रा के माध्यम से ट्रैक्टर पर मिलेगा अनुदान : उपायुक्त

**नारनौल।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार किसानों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में शुक्रवार को लघु सचिवालय में अतिरिक्त उपायुक्त तरुण पावरिया की अध्यक्षता में एसबी 89 स्कीम के तहत 16 अनुसूचित जाति के किसानों का ट्रैक्टर अनुदान के लिए ड्रा के माध्यम से चयन किया गया। मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप, अनुसूचित जाति के किसानों को खेती के लिए आधुनिक संसाधन उपलब्ध कराने हेतु विभाग को कुल 137 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से पारदर्शिता बरतते हुए 16 लाभार्थियों का चुनाव किया गया। चयनित किसानों को 45 हॉर्स पावर या उससे अधिक के ट्रैक्टर पर 50 प्रतिशत या अधिकतम तीन लाख रुपये तक की सब्सिडी दी जाएगी। किसानों को अपने जरूरी कागजात 24 फरवरी तक सहायक कृषि अभियन्ता कार्यालय में जमा करवाने होंगे। किसान आठ मार्च तक अपनी पसंद के अधिकृत डीलर से ट्रैक्टर खरीद सकते हैं। 10 मार्च तक बिल, इंश्योरेंस और ट्रैक्टर के साथ फोटो पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है। एडीसी तरुण पावरिया ने बताया कि सरकार की प्राथमिकता है कि सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे और बिना किसी देरी के पात्र किसानों तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि यदि कोई किसान समय पर दस्तावेज जमा नहीं कराता है, तो प्रतीक्षा सूची वाले किसानों को मौका दिया जाएगा। इस मौके पर उप कृषि निदेशक डॉ. देवेन्द्र सिंह, सहायक कृषि अभियन्ता दिनेश शर्मा, रामसिंह बरवाला सहित कृषि विभाग के अधिकारी व प्रगतिशील किसान उपस्थित रहे।

# हिंदू सम्मेलन में महिलाओं ने निकाली भव्य कलश यात्रा

■ अनाज मंडी में सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में आयोजित हुआ विराट सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नांगल चौधरी


**नांगल चौधरी।** हिंदू सम्मेलन में कलश यात्रा निकालती महिलाएं।

अनाज मंडी में सकल हिंदू समाज के तत्वाधान में सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें संघ के वरिष्ठ प्रचारक रामेश्वर सिंह मुख्य रूप से मौजूद रहे। उन्होंने हिंदू समाज को सामाजिक कुरीतियां मिटाने के साथ पर्यावरण बचाने तथा पौधारोपण के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में महंत बरखा नाथ, शीतलदास, रामनरेश दास, मधूवन दास, नागायोगी वीरदेव, शिव किशोर व राधेश्याम ने भारतीय संस्कृति के अनुसरण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि युवाओं में चरस, सिंथेटिक, ड्रग्स, चिट्टा, शराब का प्रचलन तेजी से बढ़ रहा है। स्कूल व कॉलेज के विद्यार्थियों तक नशे की पकड़ पहुंच गई। जिससे सामाजिक स्वरूप बिगड़ने का खतरा उत्पन्न हो गया। समाधान के लिए पुलिस और आमनागरिकों को तालमेल बनाकर कार्रवाई को अंजाम देना जरूरी है। गांवों में नशा मुक्ति कमेटी का गठन करके नशा भगाओ मिशन चलाने की रूपरेखा बनानी होगी। उन्होंने लव जिहाद पर चिंता जताई, कहा कि युवाओं में संस्कारों की कमी आ गई। कार्यक्रम में सोमदत्त शर्मा संयोजक व कुमुद किशोर शर्मा को सह संयोजक की जिम्मेवारी दी गई।

### एसपी पूजा वशिष्ठ ने पुलिस पब्लिक कॉर्डिनेशन कमेटी के साथ की बैठक

आमजन से होली के पर्व को आपसी भाईचारे और शांतिपूर्ण मनाने की अपील की

# चाइनीज मांझा बेचने पर सख्त कार्रवाई और पुलिस राइडर की गश्त बढ़ाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल


**नारनौल।** पुलिस पब्लिक कॉर्डिनेशन कमेटी की बैठक लेती एसपी पूजा वशिष्ठ।

कानून व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाने व पुलिस जनता के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने अपने कार्यालय में पुलिस पब्लिक कॉर्डिनेशन कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक की। इस बैठक में जनसमस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई और पुलिस की ओर से चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक की शुरूआत में एसपी वशिष्ठ ने पिछली बैठक में उठाए गए मुद्दों पर पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई का फीडबैक लिया और प्रगति की समीक्षा की। इसके पश्चात कमेटी के सदस्यों ने अपने अपने क्षेत्रों की वर्तमान समस्याएं और सुझाव रखे। एसपी वशिष्ठ ने सभी बातों को पूरी संवेदनशीलता के साथ सुना और विशेष रूप से चिह्नित समस्याओं का तुरंत संज्ञान लेते हुए मौके पर ही संबंधित थाना प्रभारियों व अधिकारियों को त्वरित समाधान के कड़े निर्देश दिए। बैठक के दौरान मुख्य रूप से चाइनीज मांझा बेचने वालों पर सख्त कार्रवाई करने, थानों में आने वाले फरियादियों के साथ विनम्रता से पेश आने, पासपोर्ट वेरिफिकेशन करने वाले कर्मचारियों की कार्यप्रणाली और शाम के समय सार्वजनिक स्थानों व पार्कों में पुलिस राइडर की गश्त बढ़ाने को लेकर अहम निर्देश दिए गए। इसके अलावा आगामी होली के पर्व के दृष्टिगत एसपी पूजा वशिष्ठ ने सभी से इस रंगोत्सव को आपसी भाईचारे और शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट किया कि होली खुशी और सौहार्द का त्योहार है, इसलिए इसे पूरी गरिमा के साथ, बिना किसी हुड़दंग के मनाएं।

#### लोग जागरूक नागरिक की भूमिका निभाएं

बैठक के अंत में एसपी पूजा वशिष्ठ ने शांति समिति और कॉर्डिनेशन कमेटी के सदस्यों से विशेष अपील की। उन्होंने कहा कि आमजन एक जागरूक व जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाएं। यदि कोई भी शरारती तत्व कानून एवं शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश करता है या कोई संदिग्ध गतिविधि नजर आती है, तो बिना किसी देरी के तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दें, ताकि समाज में पूर्ण रूप से शांति और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

#### शहर में चला सघन चेकिंग अभियान

पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ के सख्त निर्देशों की पालना करते हुए शहर थाना पुलिस ने प्रतिबंधित चाइनीज मांझे की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए विशेष चेकिंग अभियान चलाया। जिसके तहत पुलिस ने शहर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले दिल्ली गेट व मोहल्ला चांदुवाड़ा में विभिन्न दुकानों व गोदामों की सघन जांच की। जांच के दौरान प्रतिबंधित चाइनीज मांझा नहीं मिला। दुकानदारों को चेतावनी दी कि वे भविष्य में भी अपनी दुकानों पर किसी भी प्रकार का प्रतिबंधित मांझा न रखें और न ही बेचें।

## गांव मालपुरा में जिला प्रशासन का रात्रि ठहराव कार्यक्रम आयोजित

# ग्रामीणों ने रखी धारूहेड़ा फ्लाईओवर के सर्विस रोड पर डंपरों से जाम की समस्या

### पीसीआर की होगी नियुक्ति

■ एडीसी राहुल मोदी ने ग्राम वासियों की मांग पर लाइब्रेरी बनवाने का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी





रेवाड़ी। रात्रि ठहराव कार्यक्रम में लोगों की समस्या सुनते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

जिला प्रशासन के गांव मालपुरा में रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान एडीसी राहुल मोदी व एसपी हेमेंद्र मीणा ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को जनहित के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान ग्रामीणों ने एडीसी को बताया कि धारूहेड़ा फ्लाईओवर के सर्विस रोड पर रात के समय डंपरों का जाम लगा रहता है, जिससे वाहन चालकों को आवागमन में परेशानियां उठानी पड़ती हैं। डीएसपी रविंद्र सिंह ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि यातायात व्यवस्था को नियंत्रित करने के लिए पीसीआर नियुक्त की जाएगी। ग्रामीण परमानंद ने बताया कि दूषित पेयजल आपूर्ति की समस्या के कारण लोगों के बीमार होने का खतरा बना हुआ है। एडीसी मोदी ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता वीपी चौहान को पानी की जांच कराने और समस्या का स्थाई रूप से समाधान करने के निर्देश दिए।

### बुजुर्ग महिला ने लगाई सम्मान भत्ता पेंशन शुरू करने की गुहार

मालपुरा की बुजुर्ग महिला अनारो देवी ने वृद्धावस्था सम्मान भत्ता पेंशन शुरू कराने की गुहार लगाई। ग्रामीणों ने बताया कि महिला आर्थिक रूप से कमजोर है और कैंसर की सर्जरी करा चुकी है। एडीसी ने इस महिला का क्रोनिकल डिजीज का सर्टिफिकेट बनवाने, कैंसर के इलाज के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक सहायता दिलाने और पेंशन बनवाने के निर्देश दिए। ग्रामीण अवनेश कुमार ने बताया कि प्राइवेट स्कूल दो बच्चों की टीसी नहीं दे रहा है, जबकि फीस पूरी भरी जा चुकी है। सत्यवीर ने गांव में दूषित जलभराव की समस्या से अवगत कराया। उमेश कुमार ने शिकायत दी कि उसके घर के ऊपर से 11 हजार की हाईवोल्टेज लाइन गुजर रही हैं, जिनसे कभी भी कोई हादसा हो सकता है। एडीसी ने बिजली वितरण निगम के अधिकारियों को तार हटाने के निर्देश दिए। ग्रामीणों की मांग पर एडीसी ने ग्राम पंचायत की ओर से प्रस्ताव भिजवाने पर एक लाइब्रेरी बनवाने का आश्वासन भी दिया।

### जनहित योजनाओं की दी जानकारी

### नशा मुक्ति अभियान में सहयोग का आह्वान

एसपी हेमेंद्र मीणा ने ग्रामीणों से अनुरोध किया कि वे पुलिस विभाग की ओर से चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान में सहयोग करें। बच्चों को खेल व रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ें और अपने आसपास की संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखें। डीएसपी रविंद्र सिंह ने कहा कि मोबाइल फोन पर इंटरनेट यूजर्स को साइबर क्राइम से सावधान रहना चाहिए।

### ये रहे मौजूद

एसडीएम सुरेश कुमार, डीडीपीओ एचपी बंसल, उप निदेशक अमित पवार, रोडवेज जीएम निरंजन शर्मा, एलडीएम राजीव रंजन, सरपंच मलखान सिंह व डा. राजेश रावत सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### फ्री वाईफाई उपयोग के समय साइबर अपराधों से सतर्क रहें नागरिक : एसपी



रेवाड़ी। पुलिस अधीक्षक हेमेन्द्र कुमार मीणा ने आमजन से सार्वजनिक व फ्री वाईफाई नेटवर्क के सुरक्षित उपयोग करने में सतर्कता बरतने की सलाह दी है। पुलिस एसपी ने कहा कि वर्तमान समय में साइबर अपराधी सार्वजनिक वाईफाई का उपयोग करने वाले नागरिकों को ठगी का शिकार बनाने के साथ डेटा चोरी कर रहे हैं। एसपी ने बताया कि साइबर अपराधी फर्जी वाईफाई हॉटस्पॉट, संदिग्ध लिंक और मैलवेयर के माध्यम से लोगों की व्यक्तिगत जानकारी, बैंक डिटेल और पासवर्ड हासिल करने का प्रयास करते हैं। आमजन के स्मार्टफोन, लैपटॉप और अन्य डिजिटल उपकरण सार्वजनिक नेटवर्क पर असुरक्षित रहने पर अपराधियों के लिए आसान लक्ष्य बन जाते हैं। ***वाईफाई के प्रयोग में रखे सावधानियां*** सार्वजनिक वाईफाई पर ऑनलाइन बैंकिंग या संवेदनशील लेन-देन न करें। अज्ञात लिंक, पॉप-अप या फर्जी नेटवर्क से दूरी बनाए रखें। अपने डिवाइस में हमेशा अपडेटेड एंटीवायरस और फायरवॉल रखें। दो-चरणीय प्रमाणीकरण का प्रयोग करें। फ्री वाईफाई उपयोग के बाद नेटवर्क से अपने डिवाइस को डिस्कनेक्ट कर दें। केवल प्रमाणिक और विश्वसनीय नेटवर्क का ही उपयोग करें। यदि कोई व्यक्ति सार्वजनिक वाईफाई का उपयोग करते हुए साइबर ठगी का शिकार हो जाता है, तो तुरंत राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज करें। एसपी मीणा ने कहा कि पुलिस साइबर अपराधों पर निगरानी रख रही है और ऐसे मामलों में संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।




### खाटू श्याम मेले के लिए श्रद्धालु रवाना

कोसली। कोसली रेलवे स्टेशन क्षेत्र से खाटू श्याम मेले में भाग लेने के लिए 31 श्रद्धालुओं का एक पैदल जत्था शुक्रवार को श्रीश्याम मंदिर से ध्वजा निशान लेकर रवाना हुआ। जत्थे में महेश यादव, सुमित, सुमन, राजेश, सुनिता, सर्वेश, मिनाक्षी, शिंभू, विरता, सोनिया, पूजा, विक्की जांगड़ा,भतेरी, प्रवेंद्र कुमार, गोबिंद, यतिन, रवि, राम भगत, संजय मित्तल, रोहित, सुनिल, सोनू, भावेश, निधि, विधी, निनाक्षी, सानिया, राजेश कुमार, मूर्ति, कमल पुजारी व अनिता शामिल थे। कोसली में सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं द्वारा खाटू धाम के लिए निशान लेकर पैदल यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए सेवा शिविर लगाए जाते हैं। कोसली में एक शिविर तहसील रोड़ व दो नाहड़ रोड़ पर लगाए गए हैं। इस मौके पर श्रीश्याम सेवा मंडल के प्रधान भोलाराम सिंघल, ईश्वर गर्ग, दयाकिशन, लीलूराम, सुनिल शर्मा, तुलसीदास शास्त्री, उदयभान, मुकेश जांगड़ा व विजय पूनिया सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद थे।



### समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का शीघ्र निपटान करने के निर्देश

रेवाड़ी। एसडीएम सुरेश कुमार ने अधिकारियों को समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों को लंबित न रखते हुए शीघ्र कार्रवाई करने और समाधान प्रकोष्ठ पोर्टल पर रिपोर्ट को अपडेट करने के निर्देश दिए। एसडीएम शुक्रवार को लघु सचिवालय सभागार में समाधान शिविर पर आई शिकायतों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक कर रहे थे। इस मौके पर एसडीएम ने कहा कि अधिकारी 30 दिन से पुरानी सभी लंबित शिकायतों का शीघ्र समाधान करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर के साथ ही जनसेवा के लिए सरकार के ऑनलाइन पोर्टल का उद्देश्य जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है और लोगों को उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान मुहैया कराना है। बैठक में सीटीएम जितेंद्र कुमार, डीडीपीओ एचपी बंसल, डीआरओ प्रदीप देशवाल व डीएफएससी नितिश कुमार सिंगला सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## नागरिकों को अधिकारों और सुविधाओं की दी जानकारी

■ नालसा वेब पोर्टल एवं हेल्पलाइन नंबर 15100 के माध्यम से घर बैठे विधिक सलाह लेने की प्रक्रिया समझाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी




रेवाड़ी। लोगों को कानूनी जानकारी देते हुए अधिवक्ता। फोटो : हरिभूमि

सीजेएम एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अमित वर्मा के मार्गदर्शन में शुक्रवार को विश्व सामाजिक न्याय दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला कारागार में आयोजित शिविर में डिप्टी चीफ एलएडीसी यशपाल शर्मा व सहायक एलएडीसी हेमलता ने जेल बंदियों को उनके विधिक अधिकारों एवं निःशुल्क विधिक सहायता सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के अंतर्गत पात्र व्यक्तियों को पूर्णतः निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान की जाती है, जिसमें अधिवक्ता की नियुक्ति, न्यायालय शुल्क से छूट, गवाहों का खर्च, प्रतिलिपियां प्राप्त करना तथा वाद दायर करने एवं उसकी पैरवी करने में सम्पूर्ण सहायता शामिल है।

गांव ढालियावास में आयोजित शिविर में अधिवक्ता निशा रानी व पैरा लीगल वॉलेंटियर प्रियंका ने ग्रामीणों को नालसा/हालसा की निःशुल्क विधिक सहायता योजनाओं के बारे में वगत कराया गया। उन्होंने बताया कि महिलाएं, बच्चे, अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग, औद्योगिक श्रमिक, दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिक, अपराध के पीड़ति तथा निर्धारित आय सीमा के अंतर्गत आने वाले व्यक्ति निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकते हैं। नालसा वेब पोर्टल एवं हेल्पलाइन नंबर 15100 के माध्यम से घर बैठे विधिक सलाह लेने की प्रक्रिया भी समझाई गई। उन्होंने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भविष्य में भी समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों के हित में ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा।




### बार एसो. ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

कोसली। कोसली बार एसोसिएशन की ओर से शुक्रवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के अधिवक्ताओं, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। शिविर में मैट्रो अस्पताल एवं आईक्यू आई अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने लोगों के ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, ईसीजी, वजन एवं आंखों की जांच की। जरूरतमंद लोगों को चश्मों की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई तथा परामर्श प्रदान किया गया। डाक्टरों ने लोगों को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने, संतुलित आहार अपनाने, व्यायाम करने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी। कार्यक्रम के संयोजक एडवोकेट रोहित यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के प्रधान जय किशन ढिल्लों, सचिव अभिषेक डागर, रमेश शर्मा एडवोकेट, नरेन्द्र यादव, राकेश यादव एडवोकेट, एडवोकेट अजीत भारद्वाज, जितेन्द्र कुमार, रिंकू कोसलिया, मनोज कुमार, पूनम यादव, प्रदीप कुमार, पीयूष यादव, जय भगवान, महेंद्र पाल एडवोकेट, राजपाल यादव एडवोकेट, डा. योगेश एवं तरुण कुमार सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## बाबा मोहन दास धाम पर मेला और कुश्ती दंगल चार मार्च को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। बाबा मोहनदास महाराज की प्रतिमा।

बाबा मोहनदास धाम गांव भाड़ावास में होली के पर्व पर संत शिरोमणि बाबा मोहन दास के मेला, भंडारा व कुश्ती दंगल का आयोजन किया जाएगा। मेले का मुख्य आकर्षण नगाड़ा प्रतियोगिता होगी। कुश्ती दंगल में दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा व यूपी के नामी पहलवान भाग लेंगे। कार्यक्रम 27 फरवरी को परिक्रमा से शुरू होगा तथा रात्रि 9 बजे जागरण किया जाएगा। 28 फरवरी सुबह 8 बजे हवन होगा। 3 मार्च को मेला तथा 4 मार्च को कराटे प्रतियोगिता व कुश्ती दंगल का आयोजन होगा। कुश्ती दंगल में 61 हजार रुपये का कामड़ा भी होगा। महंत महावीर दास राधा कृष्ण मंदिर स्थल बाबा मोहनदास धाम ने लोगों से मेले में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने की अपील की है।

## ऐतिहासिक छतरी समूह पर विरासत-ए रेवाड़ी कार्यक्रम का आयोजन 27 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग हरियाणा, अहीरवाल हेरिटेज संस्था तथा नगर परिषद के संयुक्त तत्वावधान में शहर के लोगों में ऐतिहासिक इमारतों के संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए होली चाइल्ड स्कूल के सहयोग से विरासत-ए-रेवाड़ी कार्यक्रम अब 27 फरवरी 2026 को शाम 6 बजे से 9 बजे तक ऐतिहासिक छतरी समूह दिल्ली रोड पर आयोजित किया जाएगा। संस्था की अध्यक्ष एवं स्वच्छ भारत मिशन की ब्रांड एम्बेसडर प्रियंका यादव ने बताया कि यह कार्यक्रम पहले 21 फरवरी को आयोजित होना था, लेकिन कुछ प्रशासनिक कारणों से अब इसे 27 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में युवा कलाकार पुलकित शर्मा अपनी स्वर वाइब टीम के साथ संगीतमय प्रस्तुति देंगे। प्रियंका यादव ने बताया कि जिला नगर आयुक्त ब्रह्मप्रकाश के मार्गदर्शन में नगर परिषद की ओर से शहर की सभी ऐतिहासिक धरोहरों पर स्वच्छता के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। उपनिदेशक डा. नरेंद्र परमार के दिशा-निर्देशानुसार विकसित भारत-विकसित हरियाणा के संकल्प को साकार करने के लिए जन-जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।



### विद्यार्थियों को नशे से दूर व साइबर अपराधों से सतर्क रहने की दिलाई शपथ

रेवाड़ी। पुलिस की नशा मुक्ति टीम के जिले को नशामुक्त बनाने के प्रयास लगातार जारी है। निरीक्षक रामपाल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शुक्रवार को गवर्नमेंट स्कूल छुरियावास व कमालपुर में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों को लेकर जागरूक किया। इस मौके पर रामपाल ने कहा कि नशा व्यक्ति के शरीर, परिवार और समाज तीनों का सबसे बड़ा शत्रु है। यह न केवल स्वास्थ्य को बर्बाद करता है, बल्कि युवाओं का भविष्य भी अंधकारमय कर देता है। विद्यार्थी देश का भविष्य है, जिन्हे पढ़ाई, खेल और अपने सपनों में ध्यान लगाकर नशे जैसी बुरी आदतों से हमेशा दूर रहना चाहिए। पुलिस टीम ने विद्यार्थियों को साइबर अपराध व यातायात के नियमों की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में अपराधी फोन कॉल, सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से व्यक्तिगत जानकारी जैसे ओटीपी व पासवर्ड हासिल करने की कोशिश करते हैं। ऐसे में सभी को सतर्क रहकर किसी भी अनजान व्यक्ति से अपनी निजी जानकारी साझा नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सड़क पर वाहन चलाते समय नियमों का पालन करना जरूरी है। हेलमेट, सीट बेल्ट का प्रयोग और यातायात संकेतों का पालन हमारी सुरक्षा के लिए अनिवार्य है। पुलिस टीम ने कहा कि यदि कोई भी असामाजिक तत्व, संदिग्ध व्यक्ति या वाहन दिखाई दे तो तुरंत डायल 112 पर सूचना दें।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद स्कूली बच्चे, स्टाफ सदस्य व गेस्ट। फोटो : हरिभूमि

### स्वस्थ मन, सशक्त तन और संतुलित जीवन ही असली स्वास्थ्यः डा. नीरज

रेवाड़ी। आएमए की टीम ने शुक्रवार को रामपुरा स्थित आरबीएस स्कूल के वार्षिक फाउंडेशन-डे पर मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 100 से अधिक छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं विद्यालय स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की चीफ गेस्ट आईएमए अध्यक्ष डॉ. नीरज यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खेल एवं सह-पाठयक्रम गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य केवल बीमारी का अभाव नहीं है, बल्कि यह शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से पूर्ण स्वस्थ रहने की अवस्था है। महासचिव डॉ. पूजा ने विद्यार्थियों को परीक्षा के दौरान तनाव कम करने के व्यावहारिक और सरल उपाय बताए तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने पर बल दिया। वहीं प्रिंसिपल रितु ओबरॉय ने बच्चों को खेलों के महत्व के बारे में प्रेरित करते हुए कहा कि खेल न केवल शरीर को सशक्त बनाते हैं बल्कि आत्मविश्वास, अनुशासन और टीम भावना भी विकसित करते हैं। ***रिले को दिखाई हरी झंडी*** स्पोर्ट्स-डे पर डॉ. नीरज यादव ने हरी झंडी दिखाकर रिले रेस का शुभारंभ किया, गुब्बारे उड़ाकर और मशाल प्रज्वलित कर खेल प्रतियोगिताओं की शुरूआत की। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। अंत में पौधरोपण करके कार्यक्रम का समापन किया गया और बच्चों को पौधरोपण के लिए प्रोत्साहित किया गया। ***सफल आयोजन के लिए बधाई*** कार्यक्रम के अंत में डॉ. नीरज यादव ने विद्यालय की प्राचार्या डॉ. रितु ओबरॉय, अध्यापिका योगिता यादव समस्त स्टाफ, विद्यालय प्रबंधन एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया तथा विद्यालय को वार्षिक फाउंडेशन-डे की हार्दिक बधाई दी।

**चुनाव** दो मार्च को ड्राफ्ट लिस्ट जारी की जाएगी, 9 तक दावे और आपत्तियां दर्ज करवाई जा सकेंगी

## पंचायती राज संस्थाओं में उप चुनाव के लिए मतदाता सूची तैयार करने का शेड्यूल जारी

■ 27 मार्च को जारी होगी पंचायतों की फाइनल वोटर लिस्ट, सभी 7 खंडों में निर्वाचक अधिकारी किए नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से पंचायती राज संस्थाओं के उप चुनाव के लिए मतदाता सूची तैयार करने का शेड्यूल जारी किया गया है, जिसके तहत 27 मार्च तक मतदाता सूची तैयार की जाएगी। एडीसी राहुल मोदी ने बताया कि जिले में एक सरपंच पद, एक पंचायत समिति सदस्य व 19 पंचों के लिए उपचुनाव होने हैं। उन्होंने बताया कि 2 मार्च को ड्राफ्ट लिस्ट जारी की जाएगी। इसके बाद 9 मार्च तक दावे और आपत्तियां दर्ज करवाई जा सकेंगी। उन्होंने बताया कि 28 फरवरी तक वार्ड के हिसाब से ड्राफ्ट लिस्ट तैयार की जाएगी। इसके बाद 2 मार्च को ड्राफ्ट जारी किया जाएगा, 9 मार्च तक दावे और आपत्तियां दर्ज कराई जाएंगी और 12 मार्च तक उनका निपटारा किया जाएगा। दावे और आपत्तियों का निपटान होने के बाद अपील करने की अंतिम तिथि 16 मार्च है। इसके उपरांत 19 मार्च तक अपीलों का निपटारा किया जाएगा तथा 27 मार्च को अंतिम वोटर लिस्ट जारी की जाएगी।

### इन पदों के लिए करवाए जाएंगे उपचुनाव

डहीना ब्लॉक के गांव फतेहपुरी टप्पा डहीना में सरपंच पद के लिए, बावल ब्लॉक के वार्ड नंबर 5 के पंचायत समिति सदस्य के लिए उप चुनाव होंगे। इसके अलावा जिला के नाहड़ ब्लॉक के गांव नेहरूगढ़ में वार्ड 10 में पंच पद, भाकली-2 में वार्ड 13 में पंच पद व गांव कोहरड़ में वार्ड-1 में पंच पद के लिए उपचुनाव होंगे। बावल ब्लॉक के गांव रघुनाथपुरा में वार्ड-5 में पंच पद, गांव नैचाना में वार्ड-9 में पंच पद, गांव सुलखा में वार्ड-5 में पंच पद, खंड डहीना के गांव ढाणी जैरावत में वार्ड-6 में पंच पद, गांव डहीना के वार्ड-5 में पंच पद, गांव कहाड़ी में वार्ड-1 में पंच पद, खंड धारूहेड़ा के गांव डवाना में वार्ड-3 में पंच पद, खंड जाटूसाना के गांव बेरली खुर्द में वार्ड-10 में पंच पद, गांव बेरली कलां में वार्ड-5 में पंच पद, गांव नांगलिया रणमोख में वार्ड-6 में पंच पद, गांव मालियाकी में वार्ड-3 में पंच पद, खंड रेवाड़ी के नया गांव में वार्ड-4 व वार्ड-6 में पंच पद, गांव हांसाका के वार्ड-5 में पंच पद, गांव ढ़ालियावास के वार्ड-8 में पंच पद तथा खंड खोल के गांव हजीर्पुर में वार्ड-3 में पंच पद के लिए उप चुनाव कराए जाएंगे।

### निर्वाचक अधिकारी किए नियुक्त

एडीसी ने बताया कि प्रक्रिया को पारदर्शी और समय पर पूरा करने के लिए निर्वाचक अधिकारी पंचायत नियुक्त किए गए हैं, ताकि पंचायत उप चुनाव की यह प्रक्रिया पूरी निष्पक्ष और सुचारू रूप से पूरी हो सकें। खंड रेवाड़ी के लिए उपमंडल अधिकारी ना. रेवाड़ी, खंड बावल के लिए उपमंडल अधिकारी ना. बावल, खंड नाहड़ के लिए उपमंडल अधिकारी ना. कोसली, खंड खोल के लिए नगराधीश, खंड डहीना के लिए जिला राजस्व अधिकारी, खंड जाटूसाना के लिए महाप्रबंधक हरियाणा राज्य परिवहन विभाग तथा खंड धारूहेड़ा के लिए जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी को निर्वाचक अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### बैकअप लाइन के एसीएसआर कंडक्टर चोरी

कोसली। नाहड़ गांव स्थित दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण निगम के ऑपरेशनल सब डिवीजन के अंतर्गत एमसी-1 जुड्डी से एमसी-2 बिसोहा तक 33 केवी लिंक बैकअप लाइन के एसीएसआर कंडक्टर को चोर चुरा कर ले गए। एसडीओ रोहित ने नाहड़ चौकी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 18 फरवरी को एमसी जुड्डी से एमसी बिसोहा तक 33 केवी लिंक लाइन की नियमित जांच के दौरान लाइन के कुछ स्पैन से एसीएसआर कंडक्टर गायब थे। चोरी से विभाग को भारी वित्तीय क्षति हुई है तथा विद्युत आपूर्ति व्यवस्था बाधित हुई है। पुलिस ने एसडीओ की शिकायत पर अज्ञात लोगों के विरुद्ध इलैक्ट्रिसिटी एक्ट की धारा में मामला दर्ज कर लिया है।